# 6. प्राकृतिक वनस्पति एवं वन्य जीवन

अभ्यास

प्रश्न : 1 निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

(i) वनस्पति का विकास किन दो कारको पर निर्भर करता हैं?

उत्तर : वनस्पति का विकास निम्नलिखित दो कारको पर निर्भर करता हैं–

(i) तापमान (ii) आर्द्रता

(ii) प्राकृतिक वनस्पति की तीन मुख्य श्रेणियाँ क्या हैं?

उत्तर : (i) वन, (ii) घासस्थल, और (iii) कांटेदार झाड़ियाँ |

(iii) उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन के दो दृढ़ काष्ठ वाले पेड़ो के नाम बताएँ |

उत्तर : (i) रोज़वुड और (ii) आबनूस |

(iv) विश्व के किस भाग में उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन पाए जाते हैं?

उत्तर : उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन भारत, उत्तरी आस्ट्रेलिया एवं मध्य अमेरिका के बड़े हिस्सों में पाए जाते हैं|

(v) नीबूं – वंश फल किस जलवायु में उगाए जाते हैं?

उत्तर : नीबू –वंश फल भूमध्यसागरीय जलवायु में उगाए जाते हैंजहाँ गर्म शुष्क ग्रीष्म एवं वर्षा वाली मृदु शीत ऋतुएँ होती हैं|

(vi) शंकुधारी वन के कोई चार उपयोग बताएँ |

उत्तर : (i) इन वनों के वृक्षों का उपयोग लुगदी बनाने के लिए किया जाता हैंजिसका उपयोग सामान्य तथा अखबारी कागज़ बनाने के लिए किया जाता हैं|

(ii) माचिस बनाने के लिए, पैकिंग के बक्से तथा सजावट का सामान बनाने हेतु |

(vii) विश्व के किन भागो में मौसमी घासस्थल पायें जाते हैं?

उत्तर : मौसमी घासस्थल महाद्वीपों के मध्य अक्षांशीय क्षेत्रो के भीतरी भागो में पाए जाते हैं| ये उष्णकटिबंधीय क्षेत्रो में भी देखने को मिलते हैं|

प्रश्न : 2 सही उत्तर पर सही का निसान लगाइए –

(i) काई एवं लाईकेन पाए जाते हैं

उत्तर : (ग) टुंड्रा वनस्पति में

(ii) कांटेदार झाड़ी मिलती हैं

उत्तर : (ख) गर्म एवं ठंडी रेगिस्तानी जलवायु में

(iii) उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन का एक सामान्य जानवर

उत्तर : (क) बंदर

(iv) शंकुधारी वन की एक महत्वपूर्ण वृक्ष प्रजाति

उत्तर : (ख) चीड

(v) स्टेपी घासस्थल पाए जाते हैं:

उत्तर : (ग) रूस

प्रश्न : 3 निम्नलिखित स्तंभों को मिलाकर सही जोड़े बनाइए

| | |
|---|---|
| (i) वालरस | (क) नरम काष्ठ पेड़ |
| (ii) देवदार का वृक्ष | (ख) उष्णकटिबंधीय |
| (iii) जैतून | (ग) एक ध्रुवीय जानवर |
| (iv) हाथी | (घ) आस्ट्रेलिया का शीतोष्ण घासस्थल |
| (v) कंपोस | (ड.) एक नींबू – वंश फल |
| (vi) डाउन | (च) ब्राज़ील के उष्णकटिबंधीय घासस्थल |

उत्तर : (i) (ग)

(ii) (क)

(iii) (ड.)

(iv) (ख)

(v) (च)

(vi) (घ)

प्रश्न : 4 कारण बताइए –

(i) ध्रुवीय प्रदेशो में रहने वाले जानवरों के फर एवं त्वचा मोटी होती हैं|

उत्तर : इससे वे ठंडी जलवायु में सुरक्षित रहते हैं|

(ii) उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन शुष्क मौसम में अपनी पत्तियाँ गिरा देते हैं|

उत्तर : ऐसा वे जल संरक्षित रखने के लिए करते हैं|

(iii) वनस्पति के प्रकार एंव सघरस एक स्थान से दूसरे स्थान पर बदलते हैं|

उत्तर: तापमान, नमी, ढाल एवं मिट्टी की परत की मोटाई के कारण प्राकृतिक वनस्पति में भी बदलाव आता है|